दूरभाषः— 286709
286710

राज्य नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0

नव चेतना केन्द्र, 10, अशोक मार्ग, लखनऊ—226001

पत्रांकः—2745/01/29/HFA-3/2016—17

दिनांकः— 07 सितम्बर, 2016

समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण।

विषयः— प्रधानमंत्री आवास योजना—सबके लिए आवास (शहरी) के अन्तर्गत स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदन प्रपत्रों के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक निर्देशित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना—सबके लिए आवास (शहरी) के अन्तर्गत "एच0एफ0ए0 पी0ओ0ए0" तैयार करवाने हेतु आवासों की मांग के सर्वेक्षण के सम्बन्ध में आपकी नगरीय स्थानीय निकाय क्षेत्रवार दिनांक 31.08.2016 तक जो भी आवेदन प्रपत्र प्राप्त हुए हैं, उनका विवरण प्रत्येक दशा में दिनांक 15.09.2016 तक सूडा मुख्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त स्थानीय निकायों में प्राप्त हो रहे आवेदन पत्रों को वार्डवार पृथक करने हेतु परियोजना निदेशक के स्तर से अधिशासी अधिकारी को निर्देश भी निर्गत करा दे।

कृपया उपरोक्तानुसार अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

प्रतिलिपिः—

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण।
2. परियोजना निदेशक, जिला नगरीय विकास अभिकरण।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक